तमिलनाडु में श्रीलंका के उग्रवादियों से निपटने के लिए अर्ध-सैनिक बल

172. डा० रत्नाकर पाण्डेय : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने तमिलनाडु में श्रीलंका के उग्रवादियों द्वारा उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए अर्ध-सैनिक बलों की कुछ कम्पनियां वहां भेजी हैं; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : (क) और (ख) तमिलनाडु सरकार के अनुरोध पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की कुछ कंपनियां स्थिति से निपटने के लिए वहां भेजी गई हैं। तमिलनाडु में भेजी गई केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की कंपनियों की संख्या बताना लोक हित में होगा।

कश्मीर के बारे में अमरीका-रूस वार्ता

173. श्री राम अवधेश सिंह :
श्री मुरलीधर चन्द्रकांत भंडारे :
श्री महेन्द्र प्रसाद :

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 4 जून, 1990 के "जनसत्ता" के नगर संस्करण में "बुश और गोर्बाचौफ में कश्मीर पर वार्ता" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो राजनीतिक स्तर पर इन दो महाशक्तियों ने क्या-क्या ठोस और रचनात्मक सुझाव दिये है तथा इस संबंध मे ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या शिखर वार्ता में कश्मीर के मामले पर चर्चा की गई थी, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है ?

विदेश मंत्री (श्री इंद्र कुमार गुजराल) : (क) जी हां।

(ख) और (ग) सरकार को कश्मीर मसले पर शिखर बैठक की कार्यवाहियों के बारे में न तो अमरीकी प्रशासन से और न ही सोवियत संघ की सरकार से कोई सूचना मिली है।

अमरीका के एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि क्षेत्रीय समस्याओं के संदर्भ में राष्ट्रपति बुश और गोर्बाचोव के बीच जून, 1990 की शिखर बैठक में कश्मीर की स्थिति पर विचार-विमर्श हुआ था।

नेपाल और भारत के बीच मतभेद

174. श्री राम अवधेश सिंह : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पिछले ढाई वर्ष से भारत और नेपाल के बीच चले आ रहे मतभेदो के मूल कारण अब दूर हो गए है या नेपाल की नवगठित लोकतांत्रिक सरकार के साथ अभी केवल मौखिक वक्तव्य ही दिये जा रहे है;

(ख) क्या श्री बी०पी० कोइराला के नेतृत्व वाली नेपाल की लोकतांत्रिक सरकार और भारत के बीच कोइराला सरकार के पिछले कुछ दिनों में संबंधों में कडवाहट पैदा करने वाले कारणों को दूर कर दिया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका पूरा ब्यौरा क्या है ?

विदेश मंत्री (श्री इंद्र कुमार गुजराल) : (क) से (ग) 8–10 जून, 1990 को नेपाल के प्रधान मंत्री श्री के० पी० भट्टराई की भारत यात्रा से भारत-नेपाल संबंध पूरी तरह से सामान्य हो गए हैं। इससे तनाव और गलतफहमी का माहौल समाप्त हो गया है और पारस्परिक लाभ के द्विपक्षीय सहयोग को और अधिक मजबूत करने की संभावनाएं बनी हैं। हालांकि विशिष्ट मुद्दों

पर प्रत्येक देश की अपनी निजी स्थिति होती है परन्तु अब दोनों देशों के बीच सुधरे हुए संबंधों के वातावरण में उन्हें हल करना संभव होगा।

Broadening of National Highway No. 5 between Cuttack and Bhubaneshwar

175. SHRI KAHNU CHARAN LENKA: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) when the work of four-laning of National Highway-5 from Cuttack to Bhubaneshwar was started to minimise the traffic intensity and by when it is likely to be completed; and

(b) the estimated cost of the project and the amounts spent so far and the allotment during the current year?

THE MINISTER OF SURFACE TRANSPORT (SHRI K. P. UNNIKRISHNAN): (a) National Highway No. 5 from Cuttack to Bhubaneshwar is already four lane in a length of 2.80 Kms. out of total 24.6 Kms. Four-laning in the rest of the length has been posed to the World Bank for financial assistance, final decision on which is yet to be taken. As such, it is too early to indicate the date of completion of the four-laning. Moreover, all the land required for four-laning is not yet in possession for which two estimates amounting to Rs. 381.63 lakhs have been sanctioned by the Ministry.

(b) Estimated cost of the four-laning project posed to the World Bank is Rs. 113.20 crores. Against this, budget allocation of Rs. 30 lakhs has been made in the current year's plan, but the amount spent is 'Nil'. The expenditure made so far against the land acquisition estimates referred to above is Rs. 263.58 lakhs.

VHP Call on Mandir Construction in Ayodhya

176. SHRI SHANTI TYAGI: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the recent call of the Vishwa Hindu Parishad to begin construction work of the Mandir in Ayodhya on October 30, this year; and

(b) if so, what is Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI SUBODH KANT SAHAY): (a) Government is aware of the plans of the Vishwa Hindu Parishad to begin "Kar Sewa" of the temple at Ayodhya on October 30, 1990.

(b) It is the firm resolve of the Government to settle the issue through negotiations without any precipitate action, pending a decision of the court. Government is committed to maintain law and order and make all out efforts to defuse the situation arising out of the Ram Janam Bhoomi-Babri Masjid issue and to preserve communal harmony in the country at all costs.

पनवारी, आगरा में हिंसा

177. श्री शांति त्यागी : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आगरा जिले के पनवारी गांव में हुई हिंसा में मारे गए अनुसूचित जातियों के लोगों की संख्या कितनी है तथा इसमें सम्पत्ति का कितना नुकसान हुआ है ;

(ख) क्या यह सच है कि 28 जून को पूर्व प्रधान मंत्री को उनकी पनवारी गांव की यात्रा के दौरान कई स्थानों पर नहीं जाने दिया गया तथा पुलिस ने पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार किया; और

(ग) यदि हां, तो सरकार इस मामले में क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : (क) से (ग) उत्तर प्रदेश सरकार से पूरे तथ्यों का पता लगाया जा रहा है तथा सदन के पटल पर एक विवरण रख दिया जायेगा।